हिन्दुस्त

लखनऊ में नैक सर्टिफिकेट पाने वाला पहला कॉलेज नारी

जानिए अपना कॉलेज

लखनऊ, संवाददाता । लखनऊ में सबसे पहले नैक सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाला कॉलेज नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय है। इसे साल 2009 में नैक द्वारा ग्रेड बी प्रमाणित किया गया था। पद्मश्री मोना चंद्रावती गुप्ता ने वर्ष 1963 में नारियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से इसकी स्थापना की थी। म्यांमार में जन्मीं मोना चंद्रावती ने रंगून और लंदन से शुरूआती पढ़ाई करने के बाद कोलकाता से स्नातक की डिग्री हासिल की। उसके बाद लखनऊ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में उप प्राचार्या भी रही।

यहां रहते हुए ही उन्होंने 16 जुलाई, 1963 को नारी शिक्षा निकेतन डिग्री कॉलेज को शुरू किया। यह उस दौर में लखनऊ का ऐसा तीसरा महिला कॉलेज था, जहां विज्ञान की पढ़ाई होती थी। कॉलेज में विज्ञान संकाय में प्रवेश की डिमांड को बढ़ते देख विज्ञान ब्लॉक का निर्माण 16 नवम्बर, 1970 में ही कर दिया गया। उसके बाद साल 1994 में एमए हिंदी और 2000 में वाणिज्य संकाय की शुरूआत हुई।

कॉलेज में हैं ये कोर्स

प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने बताया कि कॉलेज में ढ़ाई हजार से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं। स्नातक में बीए हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, मानव विज्ञान, बीएससी में मानव विज्ञान/रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान समेत अन्य कोर्स हैं।



नारी शिक्षा निकेतन ने स्थापना से लेकर अब तक लाखों की संख्या में लडकियों को शिक्षित किया है। आगे भी यह परंपरा बनी रहेगी, क्योंकि मैं और हमारी प्रबंध समिति नारियों की शिक्षा के लिए पूर्णतया प्रतिबद्ध हैं। प्रो. सपना वर्मा, प्राचार्या, नारी शिक्षा निकेतन महाविद्यालय